प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक– 31.03.2025

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 03 शातिर गौकश अभियुक्तगण को किया घायल/गिरफ्तार–**
  दिनांक 31.03.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 03 शातिर गौकश अभियुक्तगण 1. मुनफेद पुत्र हाकम अली निवासी ग्राम कसेरवा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर 2. गुलबहार पुत्र इस्तखार निवासी ग्राम दमेडी थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर व 3. अफजाल पुत्र कालू निवासी अटेरना थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को कसेरवा–कल्याणपुर रास्ते से घायल/गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 03 तमंचे मय 03 जिंदा व 03 खोखा कारतूस 315 बोर, गोकशी के उपकरण व गौमांस बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 धारा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा सट्टे की खाईबाडी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 31.03.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री राहुल कुमार मय हमराहीगण द्वारा सट्टे की खाईबाडी करने वाले अभियुक्त राजपाल पुत्र लक्ष्मीचन्द निवासी बाल्मीकी मन्दिर के पास मौ0 गडरियान कस्बा व थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 सट्टा पर्चा, 01 गत्ता, 01 पैन व 1550 रूप्ये नगद बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 87/2025 धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 31.03.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री राहुल कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 108/2025 धारा 191(2),115(2),117(2),109,118(1),324(4),352,351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. लवी त्यागी पुत्र प्रेम त्यागी निवासी ग्राम निजामपुर थाना मंसरूपर, मुजफ्फरनगर व 2. जितेन्द्र तोमर पुत्र भूरी सिंह निवासी ग्राम राजाखेडा थाना राजाखेडा जनपद धौलपुर, राजस्थान को एटूजेड चौराहे से गिरफ्तार किया गया।